# जनता कॉलेज बकेवर में भारतीय वानिकी प्रबंध संस्थान में आयोजित की संगोष्ठी

आज दिनांक 17-12-2022 को जनता कॉलेज बकेवर में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय प्रबंधन संस्थान, भोपाल से पधारे डॉक्टर एस पी सिंह के स्वागत एवं वेज अलंकरण व सरस्वती जी के माल्यार्पण के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक श्री गोपीनाथ मौर्या ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षक गण कर्मचारी एवं छात्र - छात्राओं का स्वागत करते हुए डॉ एस पी सिंह को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जिसमें डॉ सिंह ने सामाजिक और वातावरणीय संतुलन बनाए रखने , वर्तमान जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण पर्याप्त खाद्यान्न और सतत पोषण व्यवस्था बनाए रखने के संदर्भ में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम पाठ्यक्रम में प्रवेश संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं उच्चतर शिक्षा के मूल्यों के अनुरूप सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भारतीय वन संस्थान प्रबंधन संस्थान के पाठ्यक्रमों के बारे में बताया और साथ ही छात्रों को इस क्षेत्र में अपने कैरियर चुनने के लिए प्रवेश संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की , कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि संकाय के डीन डॉ अशोक पांडे ने की कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन एवं सफल कार्यक्रम संचालन हेतु प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया आज के इस कार्यक्रम के संयोजक लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद व डॉ आनंद सिंह डीजे मिश्रा डॉक्टर एस के चंदेल डॉक्टर ललित गुप्ता डॉक्टर मनोज यादव डॉ प्रकाश दुबे डॉक्टर एमपी यादव श्रीमती रत्ना शुक्ला सुश्री इरम सलीम डॉ शैली यादव डॉ योगेश शुक्ला नरुल हसन ,कर्मचारी व छात्र - छात्रा इत्यादि उपस्थित रहे

# भारतीय वानिकी प्रबंध संस्थान ने आयोजित की संगोष्ठी

आयोजित संगोष्ठी में मौजूद लोग

बकेवर, लखना। जनता कॉलेज बकेवर में भारतीय वानिकी प्रबंध संस्थान भोपाल के तत्वाधान में एक प्रोफेशनल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारतीय प्रबंध संस्थान भोपाल से पधारे डॉ एसपी सिंह के स्वागत एवं बैज अलंकरण के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संयोजक डॉ गोपीनाथ मौर्या ने कार्यक्रम में पधारे सभी शिक्षक गण कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं का स्वागत किया इसके पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम शुभारम्भ की। करते हुए डॉएसपी सिंह ने बहुत ज्ञानवर्धक उद्बोधन छात्र छात्राओं को दिया।,डॉ सिंह ने बताया किस प्रकार हमको सामाजिक और वातावरणीय बैलेंस बना कर रखना है जिससे कि हम अपनी वर्तमान जनसंख्या और आने वाले समय में बढ़ती जनसंख्या के लिए एक स्वच्छ वातावरण और पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध करा सकें ,इस सब के लिए आवश्यक है कि हमें सतत .पोषणीय व्यवस्था किस प्रकार बनाए रखनी है इसकी तरफ अग्रसर होना है और अपने छात्र-छात्राओं को यह शिक्षा देनी है आगे चलकर वह अपने जीवन में इस समाज को इस वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाएं रखें जिससे कि सभी का जीवन खुशहाल बना रहे डा सिंह ने कृषि स्नातक के बाद आईआईएफएम में प्रवेश प्रक्रिया के बारे में भी बताया। कॉलेज के डीन कृषि संकाय डा एके पांडे ने छात्र-छात्राओं को सामाजिक वानिकी एवं आर्थिक वानिकी के बारे में महत्पूर्ण जानकारी प्रदान की अंत में कार्यक्रम संयोजक लेफ्टीनेंट ब्रह्मानन्द ने डा एस पी सिंह एवं सभी प्राध्यापक ,कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद किया। कार्यक्रम में डा ए पी सिंह, सह डा आनंद सिंह , डा डी जे मिश्रा, डा एस के एस चंदेल, डा ललित गुप्ता, डा मनोज यादव, डा प्रकाश दुबे, डा एम पी यादव, रत्ना शुक्ला, डा इरम सलीम, शैलीयादव, डा योगेश शुक्ला, नुरुल हसन , आदि उपस्थित रहे।